केन्द्रीय विद्यालय संगठन

निपुण त्रैमासिक ई-पत्रिका

बालकृति

2025-2026

ई –पत्रिका के नवीनतम संस्करण के साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास के नए आयामों का अन्वेषण करें।









पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज लखनऊ उ. प्र. (प्रथम पाली)

लखनऊ संभाग

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज लखनऊ उ. प्र. (प्रथम पाली)

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA ALIGANJ LUCKNOW (SHIFT -1)

निपुण त्रैमासिक पत्रिका

चतुर्थ – संस्करण

NEWS LETTER 4th Quarter

जनवरी – मार्च (2025-26)

हमारे संरक्षक



श्रीमती सोना सेठ
उपायुक्त
के.वि.सं. लखनऊ संभाग



श्री विजय कुमार
सहायक आयुक्त
के.वि.सं. लखनऊ संभाग



श्री विजय विश्वास पन्त
आई.ए.एस.
आयुक्त, लखनऊ मंडल
एवं
अध्यक्ष, वि.प्र.स.
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अलीगंज,
लखनऊ



श्री राधेश्याम
आई.ए.एस.
अपर आयुक्त, लखनऊ मंडल
एवं
नामित अध्यक्ष, वि.प्र.स.
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अलीगंज,
लखनऊ

प्राचार्य की कलम से.....



प्राथमिक विभाग की इस समाचार पत्रिका के प्रकाशन के शुभ अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई देता हूँ। यह पत्रिका हमारे विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों की प्रतिभा, सृजनशीलता और शिक्षकों के समर्पण का एक सुंदर प्रतिबिंब है। प्रारंभिक शिक्षा किसी भी बालक के जीवन की नींव होती है। यह वह समय होता है जब कोमल मन और मस्तिष्क विभिन्न रंगों को आत्मसात करते हुए एक सुंदर व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। हमारे विद्यालय के प्राथमिक विभाग ने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि नैतिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त की है। इस पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विचार, कविताएँ, चित्र, कहानियाँ और रचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है। यह मंच उन्हें आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा लेखन कौशल विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। मैं इस सराहनीय प्रयास के लिए समस्त शिक्षकगण, संपादकीय टीम और विशेष रूप से हमारे होनहार विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ, जिनकी मेहनत और लगन से यह पत्रिका संभव हो सकी है। आशा है कि यह पत्रिका सभी पाठकों के लिए प्रेरणादायक एवं आनंददायक सिद्ध होगी।

धन्यवाद।

श्री श्री गोविन्द दूबे
प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
अलीगंज प्रथम पाली

प्रधानाध्यापिका की कलम से.....



प्रिय विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहकर्मियों, मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यालय की समाचार पत्रिका का प्रकाशन आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस पत्रिका के माध्यम से हमें अपने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, ज्ञान और विभिन्न गतिविधियों में उनकी उपलब्धियों को साझा करने का अवसर मिलता है। हमारे विद्यालय के प्रगति के पथ पर आपका सहयोग और समर्थन सदा हमारे साथ रहा है। हमारे शिक्षकों के अथक प्रयासों और विद्यार्थियों की मेहनत ने हमें गर्व से भर दिया है। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, यह एक व्यापक प्रक्रिया है जिसमें चरित्र निर्माण, नैतिकता और जीवन के मूल्यों का समावेश होता है। इस पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में हमारे विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सृजनशीलता की झलक मिलती है। यह उनके विचारों और दृष्टिकोणों को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। मैं सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई देती हूँ और उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ। अभिभावकों और शिक्षकों का सहयोग हमारे लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आपके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से ही हम अपने विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर कर सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर इस पत्रिका को सफल बनाएं और हमारे विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचाइयों पर ले जाएं।

धन्यवाद।

श्रीमती नेहा
प्रधानाध्यापिका
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
अलीगंज प्रथम पाली

अनुक्रमणिका
INDEX

- भोजन में मिलावट पर प्रश्नोत्तरी (Quiz on Food Adulteration)
- अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (Parents-Teacher Meeting)
- अधिगम उपलब्धि परीक्षण - LAT-2 (Learning Achievement Test-2)
- दिव्यांग मित्र सम्मान (Divyang Mitra Award)
- सी.एल.ए. पुरस्कार वितरण समारोह (CLA Award Distribution)
- पराक्रम दिवस (Parakram Divas)
- गणतंत्र दिवस समारोह (Republic Day Celebration)
- विषय समिति बैठक (Subject Committee Meeting)
- निपुण संगोष्ठी (NIPUN Meeting)
- दादा-दादी / नाना-नानी दिवस समारोह (Grandparents' Day Celebration)
- पठन प्रोत्साहन सप्ताह (Reading Promotion Week)
- शैक्षिक भ्रमण (Educational tour)
- अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (Parents-Teacher Meeting)
- जन्मदिन की शुभकामनाएँ (Birthday Wishes)

भोजन में मिलावट- प्रश्नोत्तरी
QUIZ ON FOOD ADULTERATION

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 19.01.2026 को "भोजन में मिलावट" विषय पर प्रश्नोत्तरी गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट, उसके दुष्प्रभाव तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

A quiz activity on the topic "Food Adulteration" was organized at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 19.01.2026. On this occasion, students were informed about the adulteration of food items, its harmful effects, and the measures to prevent it. Through the quiz, students participated enthusiastically and enhanced their awareness about the importance of safe and pure food.














अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी
PARENTS-TEACHER MEETING

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 21.01.2026 अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं समग्र विकास पर संक्षिप्त चर्चा की गई।

"A Parent-Teacher Meeting was convened at PM Shri Kendriya Vidyalaya, Aliganj on 21.01.2026. The meeting comprised a concise discussion on the academic progress and overall development of the students."











अधिगम उपलब्धि परीक्षण-2
LEARNING ACHIEVEMENT TEST-2

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 30.01.2026 को LAT -2 परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3 और 5 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं अधिगम स्तर का मूल्यांकन किया गया।

The LAT-2 examination was conducted at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 30.01.2026, in which students of Classes 3 and 5 participated. Through this test, the academic achievement and learning levels of the students were assessed.











दिव्यांग मित्र सम्मान
"DIVYANG MITRA AWARD"

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 07.02.2026 को "दिव्यांग मित्र सम्मान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के प्रति सहयोग, संवेदनशीलता एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

The "Divyang Mitra Samman" program was organized at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 07.02.2026. On this occasion, emphasis was laid on promoting the values of cooperation, sensitivity, and respect towards persons with disabilities.













CLA-पुरस्कार वितरण कार्यक्रम
CLA AWARD DISTRIBUTION PROGRAMME

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 19.01.2026 को CLA पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

The CLA Prize Distribution Program was organized at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 19.01.2026. On this occasion, students who performed excellently in various competitions were honored with awards.











पराक्रम दिवस
PARAKRAM DIVAS

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 23.01.2026 को पराक्रम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को नेताजी के साहस, देशभक्ति और त्याग के बारे में बताया गया।

Parakram Diwas was celebrated at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 23.01.2026. On this occasion, various programs were organized to mark the birth anniversary of the great freedom fighter Subhas Chandra Bose. Students were informed about Netaji's courage, patriotism, and sacrifice.











गणतंत्र दिवस समारोह
REPUBLIC DAY CELEBRATION

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 26.01.2026 को गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

The Republic Day celebration was held with great enthusiasm at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 26.01.2026. On this occasion, the national flag was hoisted and students presented patriotic songs, speeches, and cultural programmes.

















विषय समिति बैठक
SUBJECT COMMITTEE MEETING

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 30 .01.2026 विषय समिति बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पाठ्यक्रम नियोजन, शिक्षण रणनीतियों एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की गई।

"A Subject Committee Meeting was held at PM Shri Kendriya Vidyalaya, Aliganj on 30.01.2026 The meeting included discussions on curriculum planning, teaching strategies, and the academic progress of the students."









निपुण संगोष्ठी
NIPUN MEETING

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में 30.01.2026 को निपुण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें निपुण लक्ष्यों, शिक्षण रणनीतियों और विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति पर चर्चा की गई।

On 30.01.2026 , Nipun Meeting was organized at PM Shri Kendriya Vidyalaya, Aliganj. The seminar focused on Nipun objectives, teaching strategies, and the learning progress of students.









दादा –दादी /नाना –नानी दिवस समारोह - GRANDPARENTS' DAY CELEBRATION

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 28.01.2026 को दादा–दादी / नाना–नानी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के दादा–दादी और नाना–नानी को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों ने उनके सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत एवं कविताएँ प्रस्तुत कीं।

The Grandparents' Day Celebration was organized at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 28.01.2026. On this occasion, the grandparents of the students were invited to the school. The students presented various cultural programmes, songs, and poems in their honour.















पठन प्रोत्साहन सप्ताह
READING PROMOTION WEEK

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में पठन प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे—कहानी वाचन, पुस्तक परिचर्चा, कविता पाठ एवं पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

Reading Promotion Week was organized at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj. On this occasion, various activities such as story reading, book discussion, poetry recitation, and reading competitions were conducted to encourage students to develop an interest in reading.













शैक्षिक भ्रमण
EDUCATIONAL TOUR


पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से नई जानकारियाँ प्राप्त कीं।

An educational tour was organized for the students at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj. On this occasion, the students were taken to Regional Science City Lucknow, where they gained new knowledge through firsthand experience.













अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी
PARENTS-TEACHER MEETING

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अलीगंज में दिनांक 27.03.2026 अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों की प्रगति पत्र वितरण किया गए एवं समग्र विकास पर संक्षिप्त चर्चा की गई।

A Parent–Teacher Meeting was organized at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Aliganj on 27.03.2026. On this occasion, students' report cards were distributed and a brief discussion was held on their overall development.













जन्मदिन की बधाइयाँ
BIRTHDAY WISHES















GRAPHIC DESIGNER

Mrs. Nishtha Singh

CONTENT CREATOR-

Mr. Neeraj Kumar Gautam